# बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

*Disclaimer: No part of this document may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, recording, photocopying or otherwise outside of Business NextGen Finance Pvt. Ltd. (BNF) without the prior permission of BNF.*

## सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें (MITC)

बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड/ "ऋणदाता" और उधारकर्ता ("उधारकर्ता" या "ग्राहक") के बीच सहमत नियमों और शर्तों के अनुसार, जैसा कि स्वीकृति पत्र, ऋण समझौते और या किसी अन्य प्रलेख, यदि कोई हो, (सामूहिक रूप से "ऋण प्रलेख" के रूप में संदर्भित) में विस्तृत रूप से बताया गया है, इस MITC में प्रमुख नियम और शर्तों का उल्लेख किया गया है।

MITC को ऋण प्रलेखों की शर्तों और नियमों के साथ पढ़ा जाना चाहिए। उधारकर्ता द्वारा लिया गया ऋण ऋण प्रलेखों द्वारा शासित होगा। यहां निर्धारित MITC और ऋण प्रलेखों के बीच किसी भी विवाद की स्थिति में, ऋण प्रलेखों की शर्तें और नियम लागू होंगे। ऋण समझौते की स्कैन कॉपी बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड वेबसाइट (www.bnfl.in) के माध्यम से ग्राहक पोर्टल पर या वैकल्पिक रूप से बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड मोबाइल एप्लिकेशन पर ऋण आवेदन पर उल्लिखित पंजीकृत मोबाइल नंबर और उसके बाद OTP का उपयोग करके प्राप्त की जा सकती है।

1. **ऋण की शर्तें:**
   ऋण की शर्तें अर्थात ऋण राशि, ब्याज दर, EMI (समान मासिक किस्त) और ऋण अवधि, ऋण प्रलेखों में दिए गए विवरण के अनुसार होगी।

2. **EMI चक्र तिथि:**
   बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड वर्तमान में अपने सभी ग्राहकों को केवल 1 EMI चक्र तिथि अर्थात हर महीने की 5वीं तारीख की पेशकश करता है और इसलिए नियत तिथि पर EMI का भुगतान करने के लिए बैंक खाते में तदनुसार धनराशि जमा करने की आवश्यकता होती है। ऋण वितरण के बाद EMI चक्र तिथि/देय तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

3. **अतिदेय राशि की वसूली के लिए अपनाई जाने वाली संक्षिप्त प्रक्रिया**

- उधारकर्ता द्वारा देयताओं की चुकौती नहीं करने पर, ऋणदाता को उधारकर्ता के विरुद्ध ऋण समझौते के प्रावधानों तथा लागू विधि के अनुसार विधिक कार्रवाई शुरू करने का अधिकार होगा। ऐसी कोई भी विधिक कार्रवाई शुरू करने से पहले, ऋणदाता आवेदक/उधारकर्ता को यथा विधि के अनुसार सूचना भेजेंगे।
- बंधक/प्रतिभूति के प्रवर्तन से वसूली प्रक्रिया, जिसमें शामिल है, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं है, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (SARFAESI अधिनियम) अथवा किसी अन्य कानून की प्रक्रियानुसार बंधक संपत्ति का कब्ज़ा लेना तथा उसकी बिक्री, जो शुद्ध रूप से विशिष्ट कानून के अनुपालन में होती है। अतिदेय की वसूली के लिए उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने से पहले ग्राहक(कों) को विभिन्न कानूनी विधियों जैसे परक्राम्य लिखत विधि अधिनियम, सिविल सूट, सरफेसी (SARFAESI) अधिनियम आदि के अनुसार सूचना/अनुस्मारक/नोटिस दिये जाते हैं।

4. **उचित व्यवहार संहिता:**
   कंपनी की उचित व्यवहार संहिता को नीचे दिए गए लिंक पर ऑनलाइन देखा जा सकता है।
   https://www.bnfl.in /fair-practice-code

5. **ग्राहक सेवा:**

| | |
|---|---|
| ईमेल ID | customercare@bnfl.in |

| | |
|---|---|
| संपर्क केंद्र नंबर | 022-65431100 |
| संपर्क केंद्र का समय | सोमवार से शुक्रवार: सुबह 9.30 से शाम 6 बजे तक<br>शनिवार: सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक<br>सभी रविवार एवं सार्वजनिक अवकाशों पर बंद। |
| शाखा में आने का समय | सोमवार से शुक्रवार: सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक<br>शनिवार: सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक<br>सभी रविवार एवं सार्वजनिक अवकाशों पर बंद। |

**6. शिकायत निवारण व्यवस्था:**

| | |
|---|---|
| **स्तर 1** | हम ग्राहकों के प्रश्नों / मसलों का समाधान 15 कार्य दिवसों में करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्राहक अपने प्रश्नों / मसलों को customercare@bnfl.in पर लिख कर संबोधित कर सकते हैं या हमारे कॉल सेंटर नंबर 022-65431100 पर कॉल कर सकते हैं। |
| **स्तर 2** | यदि कोई ग्राहक स्तर 1 पर प्रदत्त समाधान से संतुष्ट नहीं होता है, ग्राहक अपनी शिकायत को ग्राहक सेवा के प्रमुख को servicehead@bnfl.in पर भेज सकता/सकती है |
| **स्तर 3** | यदि कोई ग्राहक स्तर 1 तथा स्तर 2 पर प्रदत्त समाधान से संतुष्ट नहीं होता है तब ग्राहक अपनी शिकायत को ग्राहक management.bnfl@bnfl.in पर पोस्ट कर सकता/सकती है |

**7. ऋण पूर्वसमापन एवं संपत्ति के कागजात भेजने की प्रक्रिया:**

1. ऋण पूर्वसमापन भुगतान केवल बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा में स्वीकार किए जाएंगे, ग्राहक को बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी वैध पूर्वसमापन पत्र के अनुसार पूर्वसमापन राशि जमा करनी होगी।
2. अनुरोध की तिथि से 21 दिनों के भीतर बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूर्वसमापन पत्र जारी किया जाएगा।
3. चालू माह की 24वीं तारीख से लेकर आगामी माह की 2सरी तारीख तक की अवधि को छोड़कर (दोनों दिन सम्मिलित) बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की शाखाओं में पूरे महीने पूर्वसमापन भुगतान स्वीकार किए जाते हैं।
4. सिस्टम पर मोचन निषेध केवल बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड खाते में क्रेडिट प्राप्त होने के बाद ही प्रभावित होगा।
5. ऋण की समाप्ति की तिथि से 30 कार्य दिवसों के भीतर संपत्ति के कागजात ग्राहक को वापस कर दिए जाएंगे।
6. ग्राहक और संपत्ति के सभी मालिकों को ऋण की समाप्ति के बाद संपत्ति के कागजात प्राप्त करने के लिए वैध KYC के साथ नामित बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा में जाना होगा।
7. जैसा कि ऊपर बताया गया है ऋण बंद होने के उपरांत, संपत्ति के काग़ज़ात स्त्रोत करने वाली शाखा/विक्रय कार्यालय को उपलब्ध करा दिये जाएँगे, केवल शाखा / विक्रय कार्यालय बंद होने की स्थिति में प्रलेख कंपनी की निकटस्थ शाखा/विक्रय कार्यालय में उपलब्ध कराये जाएँगे।
8. उधारकरता/ संपत्ति के स्वामी की मृत्यु होने की स्थिति में, कृपया शिकायत निवारण नीति के अंतर्गत https://www.bnfl.in/faq पर विधिक वारिस को संपत्ति हस्तांतरण की नीति का संदर्भ लें।
9. ग्राहकों को हमारे निर्दिष्ट भंडारण गृह से संपत्ति के कागजात भेजे जाने की सूचना उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर दी जाएगी। ग्राहक को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बदलाव की स्थिति में उनका मोबाइल नंबर रिकॉर्ड में अद्यतन हो।

8. **प्रभार अनुसूची:**

नीचे उल्लिखित शुल्क/प्रभार बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के एकल विवेक पर परिवर्तन के अधीन हैं। नीचे सूचीबद्ध शुल्क/प्रभार में कोई भी परिवर्तन ऋण करार के तहत "संचार के स्वीकार्य माध्यम" के तहत परिभाषित तरीकों में पूर्व संचार के माध्यम से किया जाएगा और उधारकर्ता प्रभार की अद्यतन सूची के लिए कंपनी की वेबसाइट देख सकते हैं।

<table>
<tr><th>क्रमांक</th><th>विवरण</th><th>विवरण</th></tr>
<tr><td>1</td><td>दंडात्मक प्रभार</td><td>दंडात्मक प्रभार ग्रिड:<br>
<table>
<tr><th>बकाया मूलधन</th><th>दैनिक प्रभार*</th></tr>
<tr><td>7 लाख तक</td><td>12</td></tr>
<tr><td>7 से 10 लाख</td><td>17</td></tr>
<tr><td>10 से 15 लाख</td><td>22</td></tr>
<tr><td>15 से 20 लाख</td><td>27</td></tr>
<tr><td>20 लाख से अधिक</td><td>30</td></tr>
</table>
*उपयुक्त GST लेवी की जाएगी<br>
पूरे EMI बकाया का भुगतान होने तक प्रभार हर उस दिन के लिए लगाया जाएगा जिसके लिए EMI बकाया रहती है।<br><br>
मूल बकाया के आधार पर उस दिन से दैनिक प्रभार लेवी किया जाएगा जब EMI अतिदेय होगा या अदत्त रहेगा।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>खंडित अवधि का ब्याज / पूर्व-EMI राशि</td><td>पूर्व-EMI / खंडित अवधि ब्याज़ वह ब्याज़ होता है जो ऋण संवितरण तिथि से EMI चक्र शुरू होने की तिथि की अवधि के लिए 1वीं किश्त के रूप में बिल किया जाता है, पूर्व-EMI / खंडित अवधि ब्याज़ की गणना निम्न गणना पद्धति से की जाती है: {ऋण राशि * ब्याज दर * ऋण वितरण तिथि से EMI चक्र प्रारंभ तिथि तक के वास्तविक दिनों की संख्या / 360}.</td></tr>
<tr><td>3</td><td>पुरोबन्ध प्रभार</td><td>➢ पूर्व-भुगतान की गई राशि पर 5% + GST लागू होगा।<br>➢ अस्थिर दर पर ऋण लेने वाले व्यक्तियों के मामले में, पूर्व-भुगतान प्रभार लागू नहीं होंगे।<br>➢ दोहरी दर वाले ऋणों के लिए, यदि ऋण स्थिर दर अवधि के दौरान आंशिक रूप से पूर्व-भुगतान किया जा रहा है, तो पूर्व-भुगतान प्रभार लागू होंगे।</td></tr>
<tr><td>4</td><td>आंशिक पूर्व भुगतान प्रभार</td><td>➢ आंशिक पूर्व-भुगतान के लिए पूर्व-भुगतान राशि पर 3% + GST लागू होगा।<br>➢ आंशिक पूर्व-भुगतान राशि बकाया मूलधन के 10% के बराबर या उससे अधिक होनी चाहिए।<br>➢ अस्थिर दर पर ऋण लेने वाले व्यक्तियों के मामले में, पूर्व-भुगतान प्रभार लागू नहीं होंगे।</td></tr>
</table>



Document Classification: Public

| | | |
|---|---|---|
| | | ➢ दोहरी दर वाले ऋणों के लिए, यदि ऋण स्थिर दर अवधि के दौरान आंशिक रूप से पूर्व-भुगतान किया जा रहा है, तो पूर्व-भुगतान प्रभार लागू होंगे। |
| 5 | चेक नकारे जाने का प्रभार | रुपये 1000/- प्रति नकार प्रति माह |
| 6 | खाता विवरण की हार्ड प्रति | रुपये 500/- प्रति विवरण |
| 7 | चुकौती अनुसूची की हार्ड प्रति | रुपये 500/- प्रति विवरण |
| 8 | संपत्ति दस्तावेज़ों की फ़ोटोप्रति के लिए शुल्क | रुपये 1000/- |
| 9 | बंद हुये ऋण के दस्तावेज़ निकालने का प्रभार | यदि प्रलेख संपत्ति के काग़ज़ों को लेने की सूचना के 21 दिनों के अंदर बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा से नहीं लिए गए तब रुपये 1000/- + GST का प्रभार लागू होगा।<br>30 दिन बीत जाने के बाद, प्रक्रियानुसार बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड प्रलेखों को भंडारण में वापस भेज देगा और उसके बाद उनकी निकासी ग्राहक के अनुरोध के आधार पर होगी और उन्हें नए निवेदन के किए जाने के 30 दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जाएगा |
| 10 | शेष बकाया पत्र/पूर्वसमापन पत्र की हार्डप्रति | रुपये 500/- |
| 11 | दर प्रकार को अस्थिर से स्थिर अथवा इसके विपरीत स्विच करने के लिए स्विच शुल्क | मूल बकाया का 1%<br>स्थिर तथा अस्थिर ब्याज़ दर के बीच विभेदक ROI 3% तक हो सकता है। यह स्थिर ब्याज़ दर के अंदर ओरिजिनेट किए गए ऋणों पर अथवा दोहरी दर के अंतर्गत ओरिजिनेट किए गए स्थिर दर ऋणों के कार्यकाल पर नहीं लागू है। |
| 12 | विधिक, वसूली और आकस्मिक प्रभार | वास्तविक पर |
| 13 | स्टाम्प शुल्क और अन्य वैधानिक प्रभार | लागू विधियों के अनुसार।<br>ऋण समझौते के निष्पादन के लिए स्टाम्प शुल्क राशि या तो ऋण राशि से काट ली जाएगी या हमारे अधिकृत बिक्री प्रतिनिधि द्वारा अग्रिम रूप से वसूल की जाएगी |
| 14 | CERSAI / CIBIL / ROC प्रभार | जैसा लागू हो |
| 15 | प्रसंस्करण शुल्क | स्वीकृति पत्र के अनुसार |
| 16 | NOC की हार्ड प्रति के लिए शुल्क | रुपये 500/- |

***कृपया ध्यान दें, उपरोक्त सभी शुल्कों पर जीएसटी लागू होगा।***

### 9. संपत्ति / उधारकर्ताओं का बीमा:

बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के पास कोई वारंटी नहीं है और वह बीमा उत्पाद, बीमा उत्पाद के अंतर्निहित नियमों और शर्तों और/या लाभों, बीमा कंपनी द्वारा दावों के प्रसंस्करण के तरीके के बारे में कोई प्रतिनिधित्व नहीं करता है। इसके अलावा, बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड बीमा पॉलिसी और/या दावों के अनुरोध की स्वीकृति या अस्वीकृति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

### 10. दर संशोधन प्रक्रिया:



Document Classification: Public

बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के PLR से सम्बद्ध ब्याज़ दर में संशोधन के मामले में, ग्राहक को SMS द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सूचना दी जाएगी।

पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के भाग के रूप में ग्राहक के पास निम्न विकल्प होंगे:

- ब्याज़ दर की वृद्धि के प्रभाव को या तो EMI बढ़ा कर धारणावधि को बदले बिना सहन कर लिया जाये अथवा

**या**

- EMI तथा धारणावधि में आंशिक वृद्धि के विकल्प को चुना जाये (यह विकल्प केवल उन ग्राहकों को दिया जाएगा जो बिजनेस नेक्स्टजेन की आंतरिक नीति दिशानिर्देशों के अनुसार धारणावधि में वृद्धि के लिए पात्र पाये जाएँगे)

**या**

- ऋण को स्थिर ब्याज़ दर के लिए स्विच करने का विकल्प चुनें

यदि कोई विकल्प नहीं चुना जाता है, तब अकरण से प्रभाव EMI को अपरिवर्तित रखते हुये ऋण धारणावधि पर लागू किया जाएगा, केवल उन्हीं मामलों में ऋण धारणावधि को वही रखा जाएगा और EMI की वृद्धि की जाएगी जहां धारणावधि को बढ़ाने का परिणाम आंतरिक उत्पाद नीति के अनुसार ऋण परिपक्वता की अधिकतम आयु भंग होना होगा।

**अवधि/EMI पर दर पुनर्निर्धारण के प्रभाव का उदाहरण:**

| विवरण | मौजूदा | अवधि में परिवर्तन (EMI स्थिर रखते हुए) | EMI में परिवर्तन (अवधि स्थिर रखते हुए) | EMI और अवधि में परिवर्तन (दोनों) |
|---|---|---|---|---|
| ब्याज़ दर | 17.00% | 17.50% | 17.50% | 17.50% |
| ऋण राशि (रुपये) | 15.00,000 | 15.00,000 | 15.00,000 | 15.00,000 |
| अवधि (महीनों में) | 120 | **127** | 120 | **123** |
| EMI राशि (रुपये) | 26070 | 26070 | **26547** | **26370** |

****कृपया नोट करें: ऊपर उल्लिखित दर, अवधि और ऋण राशि केवल उदाहरण के लिए है।**

### 11. EMI वृद्धि की प्रक्रिया:

सभी मौजूदा ग्राहक जिनकी अवधि ROI संशोधन के कारण प्रभावित हुई है, वे ग्राहक बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट www.bnfl.in पर जा सकते हैं और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ ग्राहक पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं, उसके बाद OTP और ऋण पुनर्निर्धारण विकल्प पर क्लिक कर सकते हैं और EMI में वृद्धि के लिए अनुरोध कर सकते हैं या वैकल्पिक रूप से EMI बढ़ाने और तदनुसार अवधि कम करने के लिए हमारी ग्राहक सेवा ID customercare@bnfl.in पर एक लिखित अनुरोध भेज सकते हैं, अनुरोध प्राप्त होने पर, बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ग्राहक सेवा टीम 7 दिनों के भीतर ग्राहकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर पहुंच जाएगी और सिस्टम पर निष्पादन से पहले आवश्यकता को समझेगी। यदि ग्राहक पंजीकृत मोबाइल पर उपलब्ध नहीं है, तो ग्राहक को पोर्टल पर साझा किए गए ईमेल पर तदनुसार सूचित किया जाएगा।

कृपया निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान दें:

- EMI बढ़ाने के लिए अनुरोध करने की तिथि तक कोई भी EMI अतिदेय नहीं होनी चाहिए।
- EMI में परिवर्तन के अनुरोध की कंपनी द्वारा समीक्षा की जाएगी और यदि आवश्यक हुआ तो ग्राहक से EMI में वृद्धि को प्रमाणित करने के लिए आय से संबंधित प्रलेख साझा करने के लिए कहा जा सकता है।
- एक बार जब सिस्टम में EMI में परिवर्तन हो जाता है तो उसे मूल EMI में वापस नहीं लाया जा सकता है और ऋण की जीवन अवधि के दौरान अवधि में किसी और वृद्धि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

- EMI में अधिकतम वृद्धि, पुनर्मूल्यांकन के कारण ऋण पर हुए अवधि परिवर्तन की सीमा तक सीमित होगी, अर्थात, यदि पुनर्मूल्यांकन के कारण ऋण अवधि 48 महीने बढ़ गई है, तो EMI वृद्धि के कारण अवधि में परिणामी कमी 48 महीने से अधिक नहीं हो सकती।

**12. ब्याज दर के प्रकार को अस्थिर से स्थिर में बदलने की प्रक्रिया:**

- सभी मौजूदा ग्राहक ब्याज दर के प्रकार को अस्थिर से स्थिर में बदलने का विकल्प चुन सकते हैं, ग्राहक हमारी वेबसाइट www.bnfl.in पर जा सकते हैं और पंजीकृत मोबाइल नंबर का उपयोग करके ग्राहक पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। इसके बाद OTP दर्ज करें और ऋण पुनर्निर्धारण विकल्प पर क्लिक करें और उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
- स्थिर ऋण पर ब्याज दर, ऋण की प्रभावी अस्थिर ब्याज दर से 2% अधिक होगी। स्थिर ब्याज दर पर अंतरण के लिए ग्राहक को मूल बकाया राशि का 1% अंतरण शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा।
- अनुरोध प्राप्त होने पर, बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ग्राहक सेवा टीम 7 दिनों के भीतर ग्राहक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संपर्क करेगी, प्रक्रिया समझाने के साथ-साथ अंतरण शुल्क के भुगतान के लिए बैंक विवरण / लिंक भी साझा करेगी। यदि ग्राहक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संपर्क नहीं हो पाता है तो ग्राहक को पोर्टल पर साझा किए गए ईमेल पर सूचित किया जाएगा।
- अंतरण शुल्क प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर सिस्टम पर परिवर्तन प्रभावी हो जाएंगे।

**13. आंशिक भुगतान की प्रक्रिया:**

ग्राहक बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड वर्चुअल खाते पर आंशिक भुगतान कर सकते हैं, जिसे आवश्यकता पड़ने पर हमारी सेवा टीम द्वारा साझा किया जाएगा। यदि आंशिक भुगतान का प्रभाव अवधि को कम करके ऋण EMI पर डालना है तो ग्राहक को कंपनी की वेबसाइट www.bnfl.in पर जाना होगा और पंजीकृत मोबाइल नंबर का उपयोग करके ग्राहक पोर्टल पर लॉग इन करना होगा, उसके बाद OTP दर्ज करना होगा और आंशिक भुगतान घोषणा पर क्लिक करके उपयुक्त विकल्प का चयन करना होगा। यदि कोई अनुरोध नहीं किया जाता है तो ऋण अवधि पर डिफॉल्ट प्रभाव दिया जाएगा, अर्थात, EMI को अपरिवर्तित रखते हुए ऋण अवधि को आंशिक भुगतान राशि विस्तार तक कम कर दिया जाएगा।

कृपया आंशिक भुगतान करने के 24 घंटे के भीतर ग्राहक पोर्टल पर अनुरोध दर्ज करना सुनिश्चित करें।

**14. स्वागत पत्र:**

ऋण वितरण प्रक्रिया में बेहतर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, ऋण बुकिंग के 24 घंटे के भीतर पंजीकृत मोबाइल नंबर पर पुनर्भुगतान अनुसूची के साथ स्वागत पत्र डिजिटल रूप से भेजा जाता है। इसके अतिरिक्त स्वागत पत्र की प्रति भी ग्राहक पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी। ऋण शर्तों में किसी भी असहमति के मामले में ग्राहक customercare@bnfl.in पर मेल भेजकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**15. ग्राहक पोर्टल / मोबाइल ऐप:**

बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड सिस्टम में ऋण खाता बनने के 24 घंटे के भीतर ग्राहक पोर्टल/मोबाइल ऐप सक्षम हो जाता है। ग्राहक पोर्टल तक हमारी वेबसाइट - www.bnfl.in पर जाकर पहुंचा जा सकता है। लॉगइन के लिए यूजर ID आपका पंजीकृत मोबाइल नंबर है जो ऋण आवेदन पर उल्लिखित है और पासवर्ड वह OTP है जो उसे पोर्टल पर एंटर करते ही आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आ जाता है। बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड मोबाइल ऐप को एप्पल ऐप स्टोर या गूगल प्ले स्टोर से

डाउनलोड किया जा सकता है।

मोबाइल ऐप/ग्राहक पोर्टल पर उपलब्ध स्व-सेवा विकल्प निम्नलिखित हैं:

- खाते का विवरण डाउनलोड करें जिसमें स्वीकृत ऋण राशि, शेष ऋण अवधि, बकाया मूलधन, आज तक भुगतान की गई EMI और ब्याज की वर्तमान वार्षिक दर का विवरण दिया गया है।
- ऋण करार, स्वागत पत्र और बीमा प्रमाणपत्र डाउनलोड करें
- अतिदेय EMI का भुगतान करें
- EMI बढ़ाने के लिए अनुरोध करें
- आंशिक भुगतान के बाद EMI पर आंशिक भुगतान के प्रभाव को पारित करने के लिए अनुरोध करें

16. प्रकटीकरण:

बिजनेस नेक्स्टजेन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड को समय-समय पर भारत सरकार या किसी प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किसी भी क्रेडिट ब्यूरो (मौजूदा या भविष्य) को ऋण से संबंधित किसी भी जानकारी के प्रकटीकरण के लिए अधिकृत किया गया है, जैसा कि ग्राहक को कोई सूचना दिए बिना समय-समय पर आवश्यक हो सकता है। ऊपर उल्लिखित सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें हमारे ऋण उत्पादों के नियमों और शर्तों की एक सांकेतिक सूची हैं। इन नियमों और शर्तों का विवरण हमारे ऋण समझौते में प्रासंगिक अनुभागों/अनुसूचियों के अंतर्गत दिया गया है, इसलिए इन्हें ऋण समझौते और/या स्वीकृति पत्र में उल्लिखित नियमों और शर्तों के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

इसके द्वारा यह सहमति व्यक्त की जाती है कि ऋण की विस्तृत शर्तों के लिए, पक्षकार निष्पादित/निष्पादित किए जाने वाले ऋण और अन्य प्रतिभूति प्रलेखों का संदर्भ लेंगे और उन पर भरोसा करेंगे।

**पृष्ठ संख्या 1 से** 8 **में उल्लिखित उपरोक्त नियम व शर्तें उधारकर्ता/ओं द्वारा पढ़ी गई हैं/कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उधारकर्ता/ओं को पढ़कर सुनाई गई हैं तथा उधारकर्ता/ओं द्वारा समझ ली गई हैं।**

मैं/हम स्वीकार करते हैं कि MITC की अनुलिपि प्रति मुझे/हमें उपलब्ध करा दी गई है।

उधारकर्ता            सह-उधारकर्ता (1)            सह-उधारकर्ता (2)            सह-उधारकर्ता (3)

सह-उधारकर्ता (4)            सह-उधारकर्ता (5)

तिथि:
स्थान:



Document Classification: Public